दिनांक 24.05.2026
प्रेस विज्ञप्ति 285/2026

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

<u>जनपद मेरठ/थाना सरधना</u>

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त सहित 03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **01 पिकअप वाहन आदि बरामद**

दिनांक 23/24.05.2026 की रात्रि थाना सरधना व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर दौराला पुल से अटेरना जाने वाले रास्ते, नहर के पास बदमाशों की घेराबन्दी की गई तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1–साबिर घायल हो गया, जिसे अभियुक्त 2–आरिफ 3–रिहान सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, 01 पिकअप वाहन आदि बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त साबिर के विरूद्ध जनपद मेरठ, हापुड़ के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, धोखाधड़ी, सीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 06 अभियोग, अभियुक्त आरिफ के विरूद्ध जनपद हापुड़, मेरठ के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट आदि के 03 अभियोग, अभियुक्त रिहान के विरूद्ध जनपद मेरठ के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, सीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 04 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त आरिफ जनपद हापुड़ पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना सरधना पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1—साबिर निवासी मजीदपुरा थाना कोतवाली नगर जनपद हापुड़।

2—आरिफ निवासी रफीकनगर थाना कोतवाली जनपद हापुड़।

3—रिहान निवासी खिर्वा जलालपुर थाना सरधना जनपद मेरठ।

बरामदगी

1—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

2—01 पिकअप वाहन आदि।

जनपद अमरोहा/थाना नौगावां सादात

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **07 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 15 लाख 20 हजार रूपये कीमत के चोरी के सामान**
- **घटना में प्रयुक्त 02 तीन पहिया वाहन आदि बरामद**

दिनांक 24.05.2026 को थाना नौगावां सादात पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर 07 अभियुक्तों 1—कामरान 2—रिहान उर्फ सोनू 3—सालिम 4—कामिल 5—शहादत 6—सलमान 7—धर्मेन्द्र को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 15 लाख 20 हजार रूपये कीमत के चोरी के सामान, घटना में प्रयुक्त 02 तीन पहिया वाहन आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 23.05.2026 को थाना नौगावां सादात क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना नौगावां सादात पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे।

इस सम्बन्ध में थाना नौगावां सादात पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1—कामरान निवासी कस्बा व थाना अमरोहा नगर जनपद अमरोहा।

2—रिहान उर्फ सोनू निवासी कस्बा व थाना अमरोहा नगर जनपद अमरोहा।

3—सालिम निवासी कस्बा व थाना अमरोहा नगर जनपद अमरोहा।

4—कामिल निवासी कस्बा व थाना अमरोहा नगर जनपद अमरोहा।

5—शहादत निवासी कस्बा व थाना अमरोहा नगर जिला अमरोहा।

6—सलमान निवासी इस्लामनगर कस्बा व थाना नौगांवा सादात जनपद अमरोहा।

7—धर्मेन्द्र निवासी सहकारी कतई मिल थाना नौगावा सादात जनपद अमरोहा, मूलपता ग्राम ओइना थाना खुटहन जनपद जौनपुर।

बरामदगी

1—लगभग 15 लाख 20 हजार रूपये कीमत की चोरी के सामान।

2—घटना में प्रयुक्त 02 तीन पहिया वाहन आदि।

जनपद हाथरस/थाना हसायन

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 07 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनांक 23/24.05.2026 को थाना हसायन व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर श्यामपुर के पास से 03 अभियुक्तों 1—रोहित 2—बबलू 3—श्यामसुन्दर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 07 मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना हसायन पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–रोहित निवासी बपन्डई थाना हसायन जनपद हाथरस।

2–बबलू निवासी कस्बा पुरदिलनगर थाना सिकन्द्राराऊ जनपद हाथरस।

3–श्यामसुन्दर निवासी वमनहार थाना सिकन्द्राराऊ जनपद हाथरस।

बरामदगी

1–चोरी की 07 मोटर साइकिल।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

————————